# कम्युनलिजम वॉच

RAJIV GANDHI INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

खंड: 2, अंक-6 1मई-31मई, 2016


## इस अंक में


**सांप्रदायिक घटनाएं 2-5**

### सांप्रदायिक हिंसा और तनाव

- प्रतापगढ़ में आपसी विवाद में सांप्रदायिक हिंसा
- मुजफ्फरनगर में पैसों के लेन-देन में सांप्रदायिक तनाव
- जमीन विवाद में सांप्रदायिक हिंसा
- गुजरात में सामान्य विवाद में हुई हिंसा
- भूमि विवाद में कुशीनगर में तनाव और हिंसा
- आजमगढ़ में सांप्रदायिक हिंसा
- पंजाब के फगवाड़ा में पोस्टर से हुआ विवाद
- त्रिपुरा में सांप्रदायिक हिंसा में घर जलाया
- मेरठ में हुआ तनाव
- मुजफ्फरनगर में भाजयुमो के हथियारबंद कार्यकर्ताओं ने किया हमला
- उड़ीसा में धर्मांतरण के कारण सांप्रदायिक तनाव
- ग्वालियर में अतिक्रमण को लेकर तनाव का प्रयास
- असम के कोकराझार में तनाव फैलाने का प्रयास
- गाजियाबाद में तनाव फैलाने की कोशिश
- सतना में धर्मांतरण का आरोप

**सांप्रदायिक रणनीति 5-8**

- कश्मीरी पंडित ट्रेड यूनियन ने अलग कॉलनी पर आपत्ति जताया
- तमिलनाडु में हिंदुओ के डर से दलितों की चुनाव में अलग बूथ की मांग
- आरएसएस की शहरों के नाम बदलने की राजनीति
- उत्तररप्रदेश में आरएसएस में युवाओं की संख्या में बढ़त
- हिंदू जागरण मंच फिर से शुरु करेगा लव जेहाद अभियान
- उर्दू के खिलाफ आरएसएस
- उत्तरप्रदेश के कई शहरों में बजरंग दल का शस्त्र प्रशिक्षण
- हिंदू महासभा ने मनाया गोडसे का जन्म दिन
- इन दिनों मुजफ्फरनगर को सीबीएफसी का प्रमाणपत्र नहीं
- कैदियों के प्रसाद बनाने पर हिंदू जनजागृति समिति की आपत्ति
- पंजाब में गाय के नाम पर लागू कर का विस्तार

**न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया 8-10**

- भरूच हत्याकांड में एनआईए की जांच
- गोधरा कांड में एटीएस ने की गिरफ्तारी
- बैंक लोन मामले में गुजरात हाइकोर्ट की अहम टिप्पणी
- चार बजरंग दल नेता गिरफ्तार
- हेट स्पीच मामले में रामदेव के खिलाफ सुनवाई टली
- जालौन में बजरंग दल नेता गिरफ्तार
- मोहसिन शेख हत्याकांड में आरोपी ने की जमानत की मांग
- मुस्लिम युवक की हत्या की सीबीआई जांच पर स्टे से सुप्रीम कोर्ट का इंकार
- मुंबई हाइकोर्ट ने दिया बीफ पर फैसला प्रज्ञा ठाकुर ने दी जमानत अर्जी
- हिंदू महासभा के कार्यक्रम पर जांच के आदेश
- साक्षी महाराज सहित कई नेताओं पर हेट स्पीच का केस दर्ज
- प्रो. कांचा इलैया पर धार्मिक भावना आहत करने का केस

**शिक्षा का भगवाकरण 8**

- राजस्थान और गुजरात में नए स्कूली पाठ्यक्रम पर भगवाकरण का आरोप

**सांप्रदायिक घटनाओं के आंकड़े 10-11**

- केन्द्र सरकार के जवाब में गौ मांस के कारण कई घटनाएं
- यू.एस. कमीशन रिपोर्ट: भारत में धार्मिक आजादी को क्षति
- शोध:दक्षिण एशिया में तनाव के दौरान महिलाओं के खिलाफ लैंगिक हिंसा

## सांप्रदायिक घटनाएं

### सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव

| घटनाएं | सम्मिलित संगठन/ समूह | दिनांक और घटना स्थल |
|---|---|---|
| **प्रतापगढ़ में आपसी विवाद में सांप्रदायिक हिंसा**<br>प्रतापगढ़ में दो परिवारों के बीच संपत्ति को लेकर हुए विवाद में सांप्रदायिक तनाव हुआ। इस दौरान हुई हिंसा में 1 व्यक्ति की मौत हो गयी और लगभग 7 लोग घायल हुए।<br>http://www.dailypioneer.com/state-editions/lucknow/1-dies-and-several-others-injured-in-clash-after-property-disputes-leads-to-communal-tension.html<br>Date Accessed:14/5/2016 | स्थानीय समुदाय | 14/5/2016<br>प्रतापगढ़<br>उत्तरप्रदेश |
| **मुजफ्फरनगर में पैसों के लेन-देन में सांप्रदायिक तनाव**<br>मुजफ्फरनगर में पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक समुदाय के युवक ने फायरिंग कर दी। इससे दोनों समुदाय के लोगों के बीच तनाव के हालात पैदा हो गए। हालांकि इस विवाद में किसी को क्षति नहीं पहुंची है।<br>http://www.livehindustan.com/news/uttarpradesh/article1-communal-tension-in-khatauli-534086.html<br>Date Accessed:17/5/2016 | स्थानीय समुदाय | 16/5/2016<br>मुजफ्फरनगर<br>उत्तरप्रदेश |
| **जमीन विवाद में सांप्रदायिक हिंसा**<br>गोरखपुर के चिनौटी गांव में जमीन को लेकर हुए विवाद में सांप्रदायिक तनाव हुआ। इस दौरान हुई झड़प में 60 साल के एक बुजुर्ग व्यक्ति की कुल्हाड़ी मारने से मौत हो गयी। पुलिस ने अपनी जांच में कहा है कि विवादित जमीन ग्राम सभा से संबंधित है।<br>http://www.business-standard.com/article/pti-stories/1-killed-in-clash-between-different-communities-116050201187_1.html<br>Date Accessed:2/5/2016 | स्थानीय समुदाय | (तारीख अस्पष्ट)<br>गोरखपुर<br>उत्तरप्रदेश |
| **गुजरात में सामान्य विवाद में हुई हिंसा**<br>गुजरात के आणंद जिले के पेटलाड कस्बे में दो समुदायों के करीब 200 लोगों के बीच हुई हिंसा में 6 लोग घायल हुए, जिसमें 3 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। व्यस्त सड़क पर अलग-अलग समुदाय के वाहन चालकों के बीच सामान्य विवाद में सांप्रदायिक हिंसा हुई। पुलिस ने इस मामले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि 35 लोग फरार हैं जिन पर नामजद एफआईआर है।<br>http://www.business-standard.com/article/pti-stories/six-injured-in-communal-clash-in-gujarat-116052200794_1.html<br>http://www.business-standard.com/article/pti-stories/locals-scuffle-with-cops-probing-petlad-communal-clash-116052501677_1.html<br>Date Accessed:25/5/2016 | स्थानीय समुदाय | 22/5/2016<br>आणंद<br>गुजरात |
| **भूमि विवाद में कुशीनगर में तनाव और हिंसा**<br>कुशीनगर जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र में भूमि से जुड़े विवाद में सांप्रदायिक तनाव के हालात पैदा हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में पथराव हुआ, जिसमें तकरीबन 6 लोग घायल हुए। पुलिस ने घटना में शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।<br>http://www.patrika.com/news/kushinagar/uproar-in-kushinagar-1295899/<br>Date Accessed:12/5/2016 | स्थानीय समुदाय | 12/5/2016<br>कुशीनगर<br>उत्तप्रदेश |

| | | |
|---|---|---|
| **आजमगढ़ में सांप्रदायिक हिंसा**<br>आजमगढ़ के खुदादागांव में दो पक्षों के बीच सांप्रदायिक झड़प हुई। बताया जा रहा है कि दो अलग-अलग समुदाय के लोगों में कई महीनों से विवाद हो रहा था। 3 मई को संजरपुर गांव के एक मुस्लिम आटो चालक की पिटाई के बाद इलाके में कई छिट-पुट सांप्रदायिक विवाद हुआ था। इस दौरान हुई भारी हिंसा के बाद इलाके में सेन्ट्रल पैरामिलिट्री फोर्स और पीएसी ने फ्लैग मार्च किया। इस मामले में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है और 200 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/uttar-pradesh-communal-tension-in-azamgarh-village-police-officers-injured-2802624/<br>http://www.patrika.com/news/azamgarh/communal-violence-in-two-sides-1297814/<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/varanasi/CPMF-called-in-Azamgarh-after-communal-violence-continued-on-Sunday-night/articleshow/52297197.cms<br>http://www.outlookindia.com/newswire/story/up-seven-arrested-200-booked-for-communal-violence/940209<br>Date Accessed:16/5/2016 | स्थानीय समुदाय | 14/5/2016<br>आजमगढ़<br>उत्तरप्रदेश |
| **पंजाब के फगवाड़ा में पोस्टर से हुआ विवाद**<br>पंजाब के फगवाड़ा में दो समुदायों के बीच तनाव हुआ। बताया जाता है कि विवाद जरनैल सिंह भिंडरावाला के पोस्टर को लेकर हुआ। अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा समिति ने इस पर आपत्ति जताया और जनरल ए.एस. वैद्य का पोस्टर लगाया। जनरल वैद्य ने ब्लू स्टार आपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जिसमें भिंडरावाले मारा गया था।<br>http://www.thehindu.com/news/national/other-states/communal-tension-defused-in-phagwara/article8635035.ece<br>Date Accessed:23/5/2016 | स्थानीय व्यक्ति, अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा समिति | 22/5/2016<br>फगवाड़ा<br>पंजाब |
| **त्रिपुरा में सांप्रदायिक हिंसा में घर जलाया**<br>त्रिपुरा में कंचनपुरा इलाके में मिजोरम के ब्रू शरणार्थियों के घरों में आग लगाने के बाद सांप्रदायिक तनाव हुआ। 38 साल के भीगूराम रेयांग की चोरी से मछली मारने के आरोप में पिटाई के बाद शरणार्थियों ने स्थानीय बंगाली समुदाय के घरों में आग लगा दिया। इस दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले दागे। उत्तरी त्रिपुरा में 30,000 से अधिक रेयांग आदिवासी शरणार्थी रहते हैं।<br>http://www.business-standard.com/article/news-ani/communal-tension-flares-up-in-tripura-as-mizoram-tribal-refugees-burn-damage-houses-116051600459_1.html<br>Date Accessed:16/5/2016 | ब्रू शरणार्थी और बंगाली समुदाय | (तारीख का जिक्र नहीं है)<br>कंचनपुरा<br>त्रिपुरा |
| **मेरठ में हुआ तनाव**<br>मेरठ के रौनकपुरा में कथित तौर पर गोकशी की घटना को लेकर सांप्रदायिक तनाव हुआ। रौनकपुरा में भारतीय जनता युवा मोर्चा सहित कई हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता इकठ्ठा हो गए। पुलिस ने विवादित स्थल से मांस का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने गोकशी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।<br>http://www.amarujala.com/uttar-pradesh/meerut/the-communal-tension-in-runkpura-gokshi<br>Date Accessed:23/5/2016 | स्थानीय समुदाय, भारतीय जनता युवा मोर्चा और अन्य हिंदू संगठन | 22/5/2016<br>मेरठ<br>उत्तरप्रदेश |
| **मुजफ्फरनगर में भाजयुमो के हथियारबंद कार्यकर्ताओं ने किया हमला**<br>मुजफ्फरपुर जिला के मीरापुर में भाजयुमो जिलाध्यक्ष की बहन के साथ दो बाइक सवार युवकों ने कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद संगठन के हथियारबंद कार्यकर्ताओं ने दूसरे समुदाय के आरोपी युवकों के घर में घुसकर हमला किया। इस विवाद में कुल 10 लोग घायल हो गए, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।<br>http://www.jagran.com/news/national-molestation-incident-became-communal-tension-in-muzaffarnagar-13980004.html<br>Date Accessed:7/5/2015 | स्थानीय युवक, भाजयुमो | (तारीख का जिक्र नहीं है)<br>मुजफ्फरनगर<br>उत्तरप्रदेश |

| | | |
|---|---|---|
| **उड़ीसा में धर्मांतरण के कारण सांप्रदायिक तनाव**<br>उड़ीसा के क्योंझर जिले के कुछ इलाके में कथित तौर पर धर्मांतरण के कारण सांप्रदायिक तनाव रहा। तनाव स्थानीय ग्रामीणों और हाल ही में धर्मांतरित हुए लोगों के बीच हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि लोगों को लालच देकर धर्मांतरित किया जा रहा है। हो समाज, बनवासी कल्याण समिति ने कई गांवों के लोगों के साथ सभा आयोजित कर धर्मांतरण का विरोध किया।<br>http://www.orissapost.com/conversion-sparks-tension-in-joda/<br>Date Accessed:15/5/2016 | हो समाज, बनवासी कल्याण समिति | 15/5/2016<br>क्योंझर<br>उड़ीसा |
| **ग्वालियर में अतिक्रमण को लेकर तनाव का प्रयास**<br>ग्वालियर में हुजरात पुल पर एक धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण का आरोप लगा। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने धार्मिक स्थल पर पहुंचकर नारेबाजी शुरु कर दिया। पुलिस ने फिलहाल के लिए निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया है।<br>http://mnaidunia.jagran.com/madhya-pradesh/gwalior-crim-734885<br>Date Accessed:5/5/2016 | बजरंग दल | (तारीख का जिक्र नहीं है)<br>ग्वालियर<br>मध्यप्रदेश |
| **असम के कोकराझार में तनाव फैलाने का प्रयास**<br>असम के कोकराझार में प्रतापकाटा इलाके में मृत गाय का सिर धार्मिक स्थल पर मिलने से तनाव हुआ। बताया जाता है कि अराजक तत्वों ने रात में मंदिर के भीतर मृत जानवर का सिर फेंककर क्षेत्र में तनाव फैलाने का प्रयास किया।<br>http://www.sentinelassam.com/state2/story.php?sec=2&subsec=14&id=268337&dtP=2016-05-24&ppr=1<br>Date Accessed:23/5/2016 | अज्ञात | 22/5/2016<br>कोकराझार<br>असम |
| **गाजियाबाद में तनाव फैलाने की कोशिश**<br>गाजियाबाद के बादलपुर गांव में लंबी बीमारी के बाद मृत हो गयी मुस्लिम युवती की कब्र खोदकर उसके कुछ हिस्से हिंदू गांव के नजदीक फेंकने का मामला आया। परिवार के लोगों और गांव वालों ने इसे सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश बताते हुए बरामद शरीर को फिर से दफनाने का फैसला लिया। इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज की है।<br>http://www.hindustantimes.com/noida/ghaziabad-woman-s-body-dug-out-of-grave-parts-severed/story-xwykJOJ0963NLjnIgAhGeL.html<br>Date Accessed:19/5/2016 | अज्ञात | 18/5/2016<br>गाजियाबाद<br>उत्तरप्रदेश |
| **सतना में धर्मांतरण का आरोप**<br>सतना में तीन युवकों ने फादर एंथोनी पर धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने प्रार्थना के दौरान हिंदू देवता का चित्र फाड़ दिया। युवकों ने इसकी सूचना विहिप, बजरंग दल और थाने में दिया। इस मामले में पुलिस में की गई लिखित शिकायत के बाद फादर सहित चर्च की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है।<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/satna-church-row-pastor-wife-held-on-conversion-charge-2814389/<br>Date Accessed:23/5/2016 | स्थानीय लोग, बजरंग दल, विहिप | 22/5/2016<br>सतना<br>मध्यप्रदेश |

| सांप्रदायिक रणनीतियां | |
|---|---|
| **सांप्रदायिक संगठन** | |
| **रणनीतियां** | **सम्मिलित संगठन** |
| **कश्मीरी पंडित ट्रेड यूनियन ने पंडितों की अलग कॉलनी पर आपत्ति की**<br>कश्मीरी पंडित ट्रेड यूनियन के नेता संपत प्रकाश ने कश्मीर में पंडितों के लिए अलग कॉलनी बनाने का विरोध किया है। संपत प्रकाश ने इसे हिंदू राष्ट्रवादियों का षडयंत्र कहा है। संपत ने कहा है कि 1952 में कश्मीरी लोगों ने कश्मीरियत के पक्ष में प्रजा परिषद आंदोलन का विरोध किया। 4 जून को यूनियन इसके खिलाफ भूख हड़ताल का आयोजन कर रहा है।<br>http://www.business-standard.com/article/news-ani/kashmiri-pandit-trade-union-opposes-separate-colonies-for-pandits-116052501168_1.html<br>Date Accessed:25/5/2016 | |
| **तमिलनाडु में हिंदुओ के डर से दलितों की चुनाव में अलग बूथ की मांग**<br>सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील कुरूविथुराई गांव में देवेन्द्रकुला वेल्लार समुदाय के लोगों ने वोट डालने के लिए अलग बूथ की मांग की। कुरूविथुराई गांव में इस साल जनवरी में हिंदुओं ने 20 दलितों के घरों में आग लगा दिया था। दलित मतदातों का आरोप था कि हिंदू दलितों पर अक्सर हमले करते हैं, इसलिए वोट डालने के दौरान डर बना रहता है।<br>http://www.thehindu.com/news/cities/Madurai/dalits-want-separate-booth-vote-under-protest/article8609078.ece<br>Date Accessed:17/5/2016 | हिंदू और देवेन्द्रकुला वेल्लार समुदाय |
| **आरएसएस की शहरों के नाम बदलने की राजनीति**<br>गुड़गांव का नाम बदलने के बाद आरएसएस अहमदाबाद, हैदराबाद और औरंगाबाद का नाम बदलने की मांग कर रहा है। आरएसएस की मांग है कि अहमदाबाद का नाम हिंदू राजा कर्णदेव के नाम पर कर्णावती, राजा संभाजी के नाम पर हैदराबाद का नाम संभाजी नगर और हिंदू देवी भाग्यलक्ष्मी के नाम पर औरंगाबाद का नाम बदला जाए। भाजपा की सहयोगी शिवसेना भी इस मांग का समर्थन कर रही है। 2011 में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने राजधानी भोपाल का नाम राजा भोजपाल के नाम पर करने की मांग की थी, जिसे यूपीए सरकार ने नहीं माना था।<br>http://www.hindustantimes.com/india/ahmedabad-to-amravati-rss-wants-name-change-for-more-indian-cities/story-E9oLLYJH2IekocyCsIp2PI.html<br>Date Accessed:15/5/2016 | आरएसएस, भाजपा, शिवसेना |
| **उत्तरप्रदेश में आरएसएस में युवाओं की संख्या में बढ़त**<br>उत्तरप्रदेश के विधासभा चुनावों से पहले आरएसएस की विद्यार्थी शाखाओं में बड़ी संख्या में युवा शामिल हो रहे हैं। राज्य में शाखाओं की संख्या में बढ़त हुई है और राज्य भर में पचास हजार से अधिक शाखाएं आयोजित हो रही हैं।<br>http://www.dailymail.co.uk/indiahome/indianews/article-3578949/RSS-spread-shakhas-young-activists-motivate-voters-polls.html<br>Date Accessed:8/5/2016 | आरएसएस |
| **हिंदू जागरण मंच फिर से शुरु करेगा लव जेहाद अभियान**<br>उत्तरप्रदेश के विधानसभा चुनावों से पहले आरएसएस का संगठन हिंदू जागरण मंच लव जेहाद का मुद्दा फिर से उठाएगा। आगरा के शाहगंज में इस संबंध में एक सभा का प्रस्ताव है। हाल ही बजरंग दल से जुडे रहे अज्जू चौहान को संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो पहले लव जेहाद और बहू लाओ-बेटी बचाओ जैसे सांप्रदायिक अभियान चला रहे थे।<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/rss-love-jihad-campaign-ajju-chauhan-2823995/<br>Date Accessed:29/5/2016 | हिंदू जागरण मंच |

| | |
|---|---|
| **उर्दू के खिलाफ आरएसएस**<br>आरएसएस पर आरोप लगा है कि संगठन के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली सरकार के अधिकृत कलाकारों को उस वक्त घेर लिया जब वे दिल्ली सरकार के माय दिल्ली स्टोरीज कैंपेन के लिए उर्दू में लिख रहे थे। आरोप है कि वहां इकठ्ठा हुए लोग धार्मिक नारे लगा रहे थे।<br>http://www.newslaundry.com/2016/05/25/urdu-from-official-language-to-vandals-target/<br>Date Accessed:25/5/2016 | आरएसएस |
| **उत्तरप्रदेश के कई शहरों में बजरंग दल का शस्त्र प्रशिक्षण**<br>बजरंग दल ने उत्तरप्रदेश के गौतमबुद्धनगर, अयोध्या, बनारस,गोरखपुर आदि शहरों में शस्त्र प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया। अयोध्या में पुलिस ने कार्यवाई करते हुए बजरंग दल के आयोजक पर एफआईआर दर्ज करके 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया। बनारस में दुर्गावाहिनी के हथियार प्रशिक्षण कार्यक्रम के खिलाफ शिकायत होने पर विहिप के कई नेताओं पर मामला दर्ज किया गया है। खबरों के अनुसार सुल्तनापुर, पीलीभीत, फतेहपुर, कानपुर सहित कई शहरों में जून में शस्त्र प्रशिक्षण किया जाना है।<br><br>http://www.hindustantimes.com/india/in-pics-army-style-training-at-a-bajrand-dal-camp/story-QLlwP08Y5VBrhyYnpEd1gM.html<br>http://www.livehindustan.com/news/uttarpradesh/article1-arms-training-file-cases-against-vhp-organizing-secretary-536659.html<br>http://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/noida/noida-chivalry-training-camp-in-controversy/articleshow/52471153.cms<br>http://www.ndtv.com/india-news/bajrang-dal-leader-sent-to-14-day-judicial-custody-1412580?site=full<br>Date Accessed:30/5/2016 | बजरंग दल, विहिप, दुर्गावाहिनी |
| **हिंदू महासभा ने मनाया गोडसे का जन्म दिन**<br>अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने पहली बार मेरठ कार्यालय में नाथूराम गोडसे का जन्म दिन मनाया। हिंदूवादी संगठन इससे पहले नाथूराम के फांसी के दिन को बलिदान दिवस क रूप में मनाता रहा है। महासभा ने बयान में कहा है कि महात्मा गांधी के समर्थक उनका जन्म दिन हर साल मनाते हैं और अब हम इसी तर्ज पर गोडसे का जन्म दिन मनाएंगे और गोडसे के विचारों का प्रचार करेंगे।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/In-its-first-Hindu-Mahasabha-members-observe-Godse-Jayanti/articleshow/52350726.cms<br>Date Accessed:19/5/2016 | अखिल भारतीय हिंदू महासभा |
| ***अभिव्यक्ति की आजादी***<br>**इन दिनों मुजफ्फरनगर को सीबीएफसी का प्रमाणपत्र नहीं**<br>सीबीएफसी ने एक बार फिर से मुजफ्फरनगर दंगे पर बनी फिल्म इन दिनों मुजफ्फरनगर को प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया। सीबीएफसी का नया निर्णय दिल्ली हाइकोर्ट के पहले के दिशा निर्देशों का उल्लंघन भी लगता है। हाइकोर्ट ने कहा था कि फिल्म के जिस हिस्से पर आपत्ति हो उसके बारे में विस्तार से टिप्पणी की जानी चाहिए। जबकि सीबीएफसी ने नए आदेश में इस तरह की कोई टिप्पणी नहीं की है। इसी तरह एक अन्य डॉक्युमेंटरी फिल्म मुजफ्फरनगर बाकी है का भी भाजपा से जुड़ें छात्र संगठन विरोध कर रहे हैं।<br>http://www.thehindubusinessline.com/news/cbfc-once-again-refuses-to-give-certificate-to-en-dino-muzaffarnagar/article8540306.ece<br>Date Accessed:1/5/2016 | सीबीएफसी |
| **कैदियों के प्रसाद बनाने पर हिंदू जनजागृति समिति की आपत्ति**<br>हिंदू जनजागृति समिति ने कालंबा जेल में कैदियों द्वारा महालक्ष्मी मंदिर का लड्डू बनाने पर आपत्ति जतायी है। संगठन का आरोप है कि महालक्ष्मी का प्रसाद बनाने की निश्चित विधि है और संभव है कि इसे जेल के गैरहिंदू कैदी भी बना रहे हों। इससे लोगों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंच सकती है।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/City/Kolhapur/Hindu-Janjagruti-Samiti-against-inmates-making-prasad-seeks-Sainis-removal/articleshow/52302644.cms<br>Date Accessed:17/5/2016 | हिंदू जनजागृति समिति |

| | |
|---|---|
| **पंजाब में गाय के नाम पर लागू कर का विस्तार**<br>पंजाब सरकार में मंत्री और भाजपा विधायक अनिल जोशी ने राज्य में गौ कर के प्रस्ताव का समर्थन किया। राज्य की 150 नगरपालिकाओं और 10 निगमों मिलकर राज्य में गौ कर का प्रस्ताव किया था। दुपहिया वाहनों की खरीद पर, ऑयल टैंकर, एसी मैरिज हॉल, नॉन एसी हॉल, सीमेंट, आईएमएफ लिक्वर, पीएमएल और बिजली पर अलग-अलग कर का प्रस्ताव किया गया था। फिलहाल अभी बठिंडा और मोहाली में 2014 से इस तरह का कर लागू है।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/india/Punjab-orders-cow-protection-cess-on-cars-ZXliquor/articleshow/52237762.cms<br>Date Accessed:12/5/2016 | नगरपालिकाओं और राज्य निगम |
| **शिक्षा का भगवाकरण** | |
| **राजस्थान और गुजरात में नए स्कूली पाठ्यक्रम पर भगवाकरण का आरोप**<br>गुजरात और राजस्थान में शिक्षा के भगवाकरण के नए उदाहरण सामने आए हैं। हाल ही बदले गए पाठ्यक्रम दिखाते हैं कि आरएसएस किस तरह शैक्षिक पाठ्यक्रम को दूषित करने का प्रयास कर रहा है। राजस्थान में अकादमीशियन की एक टीम ने हिंदी, समाज विज्ञान, गणित, पर्यावरण अध्ययन की किताबों की समीक्षा के बाद कहा है कि इन किताबों में नजरिए को थोपने के साथ-साथ कई स्तर पर खामियां है और इसके खिलाफ राजस्थान हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की जाएगी।<br>http://www.huffingtonpost.in/2016/05/23/rajasthan-school-textbook_n_10107124.html<br>Date Accessed:23/5/2016<br>**राजस्थान**<br>राजस्थान में एसआईआरटी(SIERT) ने कक्षा-8 की समाज विज्ञान की किताब में आजादी आंदोलन के दौरान नेहरू के योगदान का जिक्र नहीं किया है। इसके अलावा 2015 के पाठ्यक्रम की तुलना में नयी किताब के जरिए स्वाधीनता आंदोलन पर एक भिन्न नजरिए को प्रस्तुत किया गया है।<br>http://www.thequint.com/india/2016/05/16/the-breakdown-all-thats-omitted-in-rajasthans-new-sst-textbook<br>Date Accessed:17/5/2016<br>**गुजरात**<br>गुजरात स्टेट बोर्ड ने इकॉनामिक्स की किताबों में आर्थिक विचारक के रूप में दीनदयाल उपाध्याय और चाणक्य को शामिल किया है।<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/school-textbooks-rajasthan-jawaharlal-nehru-changes-in-books-school-curriculum-2790373/<br>Date Accessed:9/5/2016 | राजस्थान और गुजरात सरकार |

| न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया |
|---|
| **भरूच हत्याकांड में एनआईए की जांच**<br>एनआईए ने गुजरात के भरूच में पिछले साल मारे गए दो भाजपा नेताओं की जांच में पाया है कि यह दाउद इब्राहीम गिरोह की साजिश थी। जांच एजेंसी ने दस लोगों के खिलाफ दाखिल की गयी चार्जशीट में कहा है कि इसके जरिए राज्य में सांप्रदायिक माहौल खराब करने की योजना थी।<br>http://zeenews.india.com/news/gujarat/bharuch-murders-carried-out-to-foment-communal-trouble-nia_1884224.html<br>Date Accessed:11/5/2016 |
| **गोधरा कांड में एटीएस ने की गिरफ्तारी**<br>गुजरात एटीएस ने गोधरा दंगों के 14 साल बाद फारूक अहमद भाणा को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने गिरफ्तार व्यक्ति को साबरमती एक्सप्रेस में हमले का मुख्य आरोपी बता रही है। एटीएस ने आरोपों में कहा है कि फारूक को मौलाना हुसेन उमेरजी से एस-6 कोच में आग लगाने का निर्देश मिला था। जबकि मौलाना हुसेन उमरदजी को किसी तरह का साक्ष्य न मिलने के कारण पहले ही रिहा किया जा चुका है।<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/sabarmati-express-2002-godhra-riots-farooq-bhana-arrest-2806572/<br>Date Accessed:19/5/2016 |
| **बैंक लोन मामले में गुजरात हाइकोर्ट की अहम टिप्पणी**<br>गुजरात हाइकोर्ट ने राज्य सरकार और बैंक आफ इंडिया से कहा है कि वे 2002 दंगों में प्रभावित हुए व्यापारी उस्मान गनी को कर्ज देने से मना नहीं कर सकते हैं जबकि उन पर पहले से बैंक का कर्ज बाकी है। हाइकोर्ट ने टिप्पणी की है कि 2002 के दंगों में प्रभावित हुए लोगों के लिए विशिष्ट योजना के प्रावधान है जिसके तहत उन्हें आर्थिक सहयोग किया जाना है।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/ahmedabad/Cant-deny-loan-to-2002-riot-affected-over-past-default/articleshow/52088163.cms<br>Date Accessed:3/5/2016 |
| **चार बजरंग दल नेता गिरफ्तार**<br>सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने के आरोपी बजरंग दल नेता सुमित राज सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सुमित राज के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।<br>http://www.sahilonline.org/newsDetails.php?cid=1&nid=43405<br>Date Accessed:28/5/2016 |
| **हेट स्पीच मामले में रामदेव के खिलाफ सुनवाई टली**<br>निचली अदालत ने योग शिक्षक रामदेव के खिलाफ हेट स्पीच मामले की सुनवाई 3 जून के लिए टाल दिया है। इस मामले में रोहतक के एसपी ने जांच के लिए और समय मांगा था। रामदेव पर आरोप है कि 3 अप्रैल को रोहतक में आरएसएस द्वारा आयोजित सदभावना रैली में आपत्तिजनक भाषण दिया था।<br>http://www.hindustantimes.com/india/baba-ramdev-s-hate-speech-case-deferred-to-june-3/story-2IULMb7osLpiSSboYXX3zL.html<br>Date Accessed:24/5/2016 |
| **जालौन में बजरंग दल नेता गिरफ्तार**<br>धर्मांतरण के आरोप में एक व्यक्ति को पीटने और सार्वजनिक तौर पर अपमानित करने के मामले में बजरंग दल के फरार कार्यकर्ता आशीष कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में बजरंग दल के जिला संयोजक अखिलेश डीहा पहले से ही जेल में है।<br>http://www.jagran.com/uttar-pradesh/jalaun-14056199.html<br>Date Accessed:23/5/2016 |
| **मोहसिन शेख हत्याकांड में आरोपी ने की जमानत की मांग**<br>2014 में आईटी प्रफेशनल मोहसिन शेख की हत्या के आरोपी राहुल कुरूले को मुकदमे में हो रही देरी के कारण जमानत की मांग की है। राहुल कुरूले हिंदू राष्ट्र सेना का सदस्य है और हत्या के आरोप में दो साल से जेल में बंद है।<br>http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-national/murder-accused-seeks-bail-due-to-delay-in-trial/article8634176.ece<br>Date Accessed:23/5/2016 |
| **मुस्लिम युवक की हत्या की सीबीआई जांच पर स्टे से सुप्रीम कोर्ट का इंकार**<br>सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा में मारे गए मुस्लिम युवक की सीबीआई जांच पर स्टे से इंकार कर दिया। इससे पहले पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश देते चार अधिकारियों का तबादला करने का आदेश दिया था। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने तबादले के आदेश को रोक दिया है। उत्तरप्रदेश के सहारनपुर के मुस्तेन पर गोरक्षक संगठनों ने गाय का मांस ले जाने का आरोप लगाया था। 2 अप्रैल को मुस्तेन की लाश हरियाणा में बरामद हुई थी।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/india/Punjab-orders-cow-protection-cess-on-cars-liquor/articleshow/52237762.cms<br>Date Accessed:17/5/2016 |

### मुंबई हाइकोर्ट ने दिया बीफ पर फैसला

मुंबई हाइकोर्ट के राज्य से बाहर से लाए गए बीफ को खाने की अनुमति देने के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार अपील करेगी। सरकार का तर्क है कि राज्य में इस तरह से मांस की अवैध तस्करी को रोकना मुश्किल होगा। मौजूदा कानून के अनुसार बीफ काटने, बिक्री करने और उपभोग करने पर पूरी तरह से रोक है।
http://indianexpress.com/article/cities/pune/state-to-appeal-against-bombay-hc-verdict-on-beef-2806050/
Date Accessed:18/5/2016

### प्रज्ञा ठाकुर ने दी जमानत अर्जी

मालेगांव ब्लास्ट में आरोपी प्रज्ञा ठाकुर ने एनआईए की क्लीन चिट मिलने के बाद अदालत में 5वीं बार जमानत के लिए अर्जी दी है। एनआईए ने कोई सबूत न होने के कारण आरोपी से मकोका हटाने के लिए कहा है। जबकि एटीएस ने अपनी जांच में सबूत होने की बात कही थी। हालांकि कोई भी अदालत जांच एजेंसी की रिपोर्ट मानने के लिए बाध्य नहीं है।
http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/2008-malegaon-blasts-sadhvi-pragya-singh-clean-chit-nia-2799725/
Date Accessed:30/5/2016

### हिंदू महासभा के कार्यक्रम पर जांच के आदेश

भारतीय बोध महासभा की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत के बाद हिंदू महासभा पर लगे आरोपों की जांच के आदेश दिए गए हैं। हिंदू महासभा पर आरोप है कि संगठन ने गणतंत्र दिवस के दिन शोक मनाते हुए काला दिवस मनाया।
http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/PMO-orders-probe-against-Hindu-Mahasabhas-Kala-Divas/articleshow/52178813.cms
Date Accessed:8/5/2016

### साक्षी महाराज सहित कई नेताओं पर हेट स्पीच का केस दर्ज

भाजपा सांसद साक्षी महाराज, एमएलसी राम नरेश अग्निहोत्री सहित कई नेताओं पर मैनपुरी की एक सभा में आपत्तिजनक भाषा का आरोप है। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 153, 505, 506 के तहत पुलिसकर्मियों के खिलाफ हेट स्पीच करने का मामला दर्ज किया गया है।
http://www.firstpost.com/india/up-police-file-fir-against-bjp-mp-sakshi-maharaj-for-hate-speech-against-cops-2766846.html
Date Accessed:5/5/2016

### प्रो. कांचा इलैया पर धार्मिक भावना आहत करने का केस

प्रख्यात दलित चिंतक प्रो. कांचा इलैया पर धार्मिक भावना आहत करने का केस दर्ज किया गया है। उन पर आरोप है कि विजयवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में नेशनलिज्म एंड डाइवर्जेन्ट व्यूज में अपने विचार रखते हुए उन्होंने हिंदू देवताओं और ग्रंथों की आलोचना की। प्रो. कांचा इलैया दक्षिणपंथी विचारधारा और जाति प्रथा के मुखर आलोचक हैं और काफी समय से ऐसे संगठनों के निशाने पर रहे हैं।
http://timesofindia.indiatimes.com/city/hyderabad/Kancha-Ilaiah-booked-for-hurting-religious-sentiments/articleshow/52457848.cms
Date Accessed:27/5/2016

## सांप्रदायिक घटनाओं के आंकड़े

### केन्द्र सरकार के जवाब में गौ मांस के कारण कई घटनाएं

केन्द्र सरकार के गृहमंत्री ने राज्य सभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में कहा है कि 2015 से 2016 के बीच हुए सांप्रदायिक विवादों में 21 घटनाएं गौ मांस ले जाने से हुई हैं। उत्तरप्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड, उड़ीसा, राजस्थान, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में ऐसी घटनाएं दर्ज हुई हैं।
http://timesofindia.indiatimes.com/city/delhi/Cattle-trading-behind-21-communal-riots-since-2015/articleshow/52133344.cms
Date Accessed:5/5/2016

### यू.एस. कमीशन रिपोर्ट: भारत में धार्मिक आजादी को क्षति

यू.एस. कमीशन फॉर इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम (USCIRF) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2015 में भारत में धार्मिक आजादी को क्षति पहुंची है। रिपोर्ट में हिंदू राष्ट्रवादियों द्वारा ईसाई, मुस्लिम और सिखों के खिलाफ घटनाओं का जिक्र किया गया है।
http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/religious-freedom-india-uscirf-report-intolerance-2781355/
Date Accessed:3/5/2016

### शोध:दक्षिण एशिया में तनाव के दौरान महिलाओं के खिलाफ लैंगिक हिंसा

नारीवादी प्रकाशन जुबान की एक शोध परियोजना के अनुसार दक्षिण एशिया में अशांत के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं के खिलाफ लैंगिक हिंसा हुई है। इस परियोजना में दक्षिण एशिया के देशों सहित भारत में 1984 के दिल्ली के दंगे, 1989 में भागलपुर दंगे, 2002 में गुजरात के दंगे और 2013 में हुए मुजफ्फरपुर दंगों को भी शामिल किया गया है।
http://scroll.in/article/808556/study-sexual-violence-routinely-used-as-a-weapon-in-conflict-zones-across-south-asia

Date Accessed:23/5/2016

**Connect with RGICS at:** info@rgics.org; www.rgics.org

सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है। सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेप है और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है। मूल लेखों और खबरों के विस्तार के लिए साथ में लिंक भी दिए गए हैं।